St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar (2nd term) **Class**: 4 **Date**:15.06.2020

Topic – मुहावरे और अपठित गद्यांश **Answer worksheet -20**

निम्न मुहावरों के अर्थ लिखो :-

1) अंग - अंग ढीला होना - बहुत थक जाना

2) आँखें खुलना - होश आना

3) आग बबूला होना - बहुत गुस्से में होना

4) गले लगाना - प्रेमपूर्वक अपनाना

5) उल्लू बनाना - मुर्ख बनाना

मुहावरों से खाली जगह भरो :-

6) मैंने अपने मित्र से किताब माँगी तो उसने अंगूठा दिखा दिया |

7) अपना उपहार पाकर मेरा अंग अंग मुस्काने लगा |

8) सबके सामने राजू के बुरे कामों की कलई खुल गई |

9) रमेश सबके सामने अपनी अमीरी की धाक जमाता है |

10)हमें काम के लिए किसी के तलवे नहीं चाटने चाहिए |

जोड़ी मिलाओ :-

11) क) अक्ल का दुश्मन	ग	मारे - मारे फिरना
12) ख) कोल्हू का बेल	घ	बहुत प्यारा
13) ग) खाक छानना	ड.	धोखा देना
14) घ) आँखों का तारा	क	महामूर्ख
15) ड.) चकमा देना	ख	बहुत मेहनती

अपठित गद्यांश :-

कबीर एक महान समाज सुधारक थे | वे किसी में भेद - भाव नहीं रखते थे | उनके अनुसार सभी ईश्वर के बंदे हैं | वे कहते थे की किसी को भी ईश्वर को पाने के लिए मंदिर , मस्जिद या कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है | अगर हम ह्रदय से खोजें तो ईश्वर हमें अपने अंदर ही मिल जायेंगे | इसके लिए सच्ची लगन और सच्ची भक्ति होनी चाहिए |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

16) कबीर कौन थे ?

उ) कबीर एक समाज सुधारक थे |

17)उनके अनुसार सभी किसके बंदे हैं ?

उ) उनके अनुसार सभी ईश्वर के बंदे हैं |

18)ईश्वर हमें कहाँ मिल सकते हैं ?

उ) ईश्वर हमें अपने अंदर ही मिल सकते हैं |

19)विलोम शब्द लिखो :- सच्ची - झूठी

20)वाक्य बनाओ :- आवश्यकता - जीवन में रोटी , कपड़ा और मकान की सबको आवश्यकता है |

Poonam Mehra